an>

Title: Need to allocate funds for water harvesting in Robertsganj Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री छोटेलाल (राबट्र्सगंज) : अध्यक्ष महोदया, मुझे आपकी अनुमति से किसानों की जटिल समस्या पर बोलने का मौका मिला है। मेरे संसदीय क्षेत्र् राओसगंज, सोनभद्र एवं चंदौली जिला के चकिया विधान सभा क्षेत्र् में वर्षा कम होने के कारण नदियों का जल-स्तर बहुत कम हो गया है तथा जो कुछ पानी नदियों में है, वह जिला अधिकारी व सिंचाई विभाग की लापरवाही के चलते नहर नत्थी का बांध टूट गया है जिसके कारण किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। किसानों को भारी क्षति हुई है और उन्हें भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए वहां का किसान 70 प्रतिशत सूखे की चपेट में आ गया है और सोनभद्र एवं चंदौली जिला के चकिया विधान सभा के किसानों की वसूली रोकी जाए। मैं सदन के माध्यम से भारत सरकार से किसानों के लिए विशेष पैकेज की मांग करता हूं साथ ही यह मांग भी करता हूं कि किसानों को दिया हुआ कर्ज भी माफ किया जाए। मेरा आग्रह है कि उन्हें दुबारा से कम ब्याज पर कर्ज देकर उनकी आर्थिक स्थिति को सुधारा जाए जिससे किसानों की समस्या का समाधान हो सके।